

# परिषद की चुप्पी से पैदल चलना मुश्किल

## बजरंग चौराहा से पुलिया रोड तक फैला अतिक्रमण



**सिलवानी 25 फरवरी. नगर की व्यस्त सड़कों पर इन दिनों पैदल चलना किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है. आमजन की सुविधा के लिए बनाए गए फुटपाथ अब अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं. बजरंग चौराहा से लेकर पुलिया रोड तक फुटपाथों पर अवैध कब्जों की भरमार है, जिससे राहगीरों को सड़क पर उतरकर चलने को मजबूर होना पड़ रहा है. नगर परिषद की चुप्पी से सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो गया.**

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने बने फुटपाथों को अवैध रूप से किराए पर दिया है. यहां ठेले और गुमटियां लगाने वालों से प्रतिदिन 100 से 200 रुपये तक की वसूली की जा रही है. बताया जाता है कि यह वसूली बिना किसी वैधानिक अनुमति के की जा रही है, जिससे न केवल नगर की यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि शासन को राजस्व का भी नुकसान हो रहा है.

फुटपाथों पर अतिक्रमण के कारण सड़क की चौड़ाई कम हो गई है, जिससे आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है. घंटों तक वाहन रेंगते रहते हैं और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है.

### बाजार से हाइवे तक कब्जा

अतिक्रमण की स्थिति केवल बाजार क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि बजरंग चौराहा से पुलिया रोड और आगे हाइवे तक फैल चुकी है. फुटपाथों पर चाट, फल-सब्जी और अन्य अस्थायी दुकानें सजी रहती हैं. स्थिति यह है कि पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित मार्ग ही उपलब्ध नहीं है. स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं विशेष रूप से परेशान हैं. सड़क पर वाहनों के बीच से गुजरना जोखिम भरा साबित हो रहा है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है.

### जनप्रतिनिधियों ने उठाए सवाल

इस संबंध में जनपद सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजीव रघुवंशी ने नगर परिषद अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि अधिकारियों की निष्क्रियता और सत्ताधारी दल के नेताओं की शह के चलते नगर अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया है. उनके अनुसार अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं और आम नागरिक स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहा है.

### सीएमओ ने दिए जांच के निर्देश

नप सिलवानी के सीएमओ ऋषिकांत यादव ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में मीडिया के माध्यम से आया है. फुटपाथों को किराए पर देने की बात गंभीर है. उन्होंने आश्वासन दिया कि तत्काल टीम भेजकर जांच कराई जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी.



किसानों की बढ़ी चिंता

# बदलते मौसम से फसलों पर संकट

**सिलवानी 25 फरवरी. क्षेत्र में बार-बार बदल रहे मौसम के मिजाज ने रबी सीजन की प्रमुख फसल गेहूं और चना पर संकट खड़ा कर दिया है. कभी तेज धूप तो कभी बादलों के डेरे ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. खेतों में खड़ी तथा कटी पड़ी फसल को नुकसान की आशंका से किसान चिंतित हैं. क्षेत्र में गेहूं और चना की कटाई का कार्य शुरू हो चुका है. कई खेतों में फसल कटाई का इंतजार कर रही है,**

जबकि कई स्थानों पर फसल कटकर खेतों में ही पड़ी है. ऐसे में मौसम के उतार-चढ़ाव ने किसानों की बेचैनी बढ़ा दी है. किसानों का कहना है कि यदि इस दौरान बारिश या ओलावृष्टि होती है तो तैयार फसल को भारी नुकसान हो सकता है. कटी हुई फसल भीगने पर दाने काले पड़ सकते हैं और गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है, जिससे बाजार मूल्य कम मिलने की आशंका रहती है.

### किसान नजर रखें

विशेषज्ञों का कहना है कि किसान मौसम पूर्वानुमान पर नजर रखें और जहां संभव हो, कटी फसल को सुरक्षित स्थान पर संग्रहित करें. बदलते मौसम के बीच सावधानी ही नुकसान को कम कर सकती है.

### मजदूरों की कमी से बढ़ी परेशानी

होली का त्योहार नजदीक होने से खेतों में मजदूरों की कमी भी खल रही है. विशेषकर आदिवासी अंचलों से आए मजदूर परिवार अपने-अपने गांव लौटने लगे हैं, जिससे कटाई का कार्य प्रभावित हो रहा है .किसान दिनेश यादव, सचिन साहू और शिवदीप रघुवंशी सहित अन्य किसानों ने बताया कि इस सीजन में पहले ही कई बार मौसम की मार झेलनी पड़ी है. अब फिर से बदलते मौसम ने चिंता बढ़ा दी है.

## एक नजर में



### 15 मार्च को मनाई जाएगी मां कर्मा देवी जयंती

**सिलवानी 25 फरवरी.** सेवा, त्याग एवं भक्ति समर्पण की प्रतीक भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती 15 मार्च को नगर में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी .जयंती महोत्सव को लेकर साहू समाज द्वारा तैयारियां की जा रही है .साहू समाज के पदाधिकारी एवं समाज बंधु नगर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं. इसके साथ ही वे समाजजनों को मां कर्मा देवी के जीवन, त्याग और भक्ति से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों की जानकारी देकर जागरूक भी कर रहे हैं. नगर साहू समाज अध्यक्ष राजकुमार साहू (राजू) एवं नवयुवक मंडल अध्यक्ष निर्भय साहू ने बताया कि 15 मार्च को प्रात: साहू धर्मशाला में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जाएगा. इसके पश्चात भव्य चल समारोह निकाला जाएगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ भोपाल रोड स्थित द रॉयल गार्डन पहुंचेगा. चल समारोह के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ शामिल होंगे .द रॉयल गार्डन परिसर में सामूहिक पूजा-अर्चना के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें समाज के बच्चे, युवा एवं महिलाएं भाग लेंगी .साहू समाज ने सभी समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है.

### बच्चे के अपहरणकर्ता ने पिता को दी धमकी

**बेगमगंज, 25 फरवरी.** क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल के नाती के अपहरणकर्ता पर जमानत पर रिहा होकर आने के बाद बच्चे के पिता ने धमकी देने का आरोप लगाया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है .पुलिस के अनुसार ग्राम पलोहा निवासी योगेंद्र पटेल क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल के रिश्ते के नाती हैं. उनके दो वर्षीय पुत्र दिव्यांम पटेल का 29 मई 2025 को उनकी ही बुआ के पुत्र अरविंद पटेल द्वारा फिरौती की लालच में अपने दो साथियों के साथ अपहरण कर लिया गया था. इस घटना से प्रदेश भर में सनसनी फैल गई थी. तब पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के अंदर बालक को सुरक्षित छिंदवाड़ा जिले के एक गांव से बरामद कर दो आरोपियों की गिरफ्तारी की थी. आरोपी अरविंद पटेल सहित उसके दो सहयोगी इस प्रकरण में जेल चले गए थे. जेल से 9 माह बाद जमानत पर रिहा होकर आए अरविंद पटेल के खिलाफ फरियादी योगेंद्र पटेल द्वारा पुलिस को शिकायत की गई की कि अरविंद पटेल उनके घर के चक्कर लगा रहा है और राजीनामा के लिए दवाब बन रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि अरविंद पटेल उनके घर के आसपास चक्कर लगा रहा था और अचानक उनसे सामना होते ही गालियां दी. राजीनामा का दबाव बनाकर धमकी दी कि यदि राजीनामा नहीं किया तो जान से मार कर फेंक देंगे. घटना के समय उपस्थित दो चश्मदीद गवाहों की गवाही भी फरियादी द्वारा कराई गई है. फरियादी योगेंद्र पटेल ने बताया कि ग्राम पलोहा में भोपाल रोड पर उनका मकान है, जो उन्होंने अपनी बुआ के पुत्र अरविंद पटेल को ऊपरी मंजिल किराए पर रहने को दी थी. लेकिन अरविंद द्वारा उनके दो वर्षीय पुत्र दिव्यांम पटेल का अपहरण की घटना के बाद जब वह जेल चला गया था तो उसका परिवार मकान खाली करके चला गया था. पुलिस ने फरियादी योगेंद्र पटेल की रिपोर्ट पर आरोपी अरविंद पटेल के खिलाफ में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.



### एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन

**सिलवानी, 25 फरवरी.** शासकीय महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत ग्राम चिचोली में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया. शिविर के समापन समारोह में शासकीय महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष श्याम साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. कार्यक्रम में ग्राम चिचोली के सरपंच, भाजपा नेता विभोर नायक, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोहर पंथी, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी लक्ष्मीकांत नेमा सहित छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. सात दिवसीय शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना पखवाड़ा अंतर्गत ग्राम में स्वच्छता रैली, चौपाल, चौपाल नाटक एवं विभिन्न जनजागरूकता अभियान चलाए गए. स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, शिक्षा एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया .समापन समारोह में अतिथियों ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, सेवा भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं.

# पेयजल स्त्रोतों की नियमित जांच करें : कलेक्टर

## राष्ट्रीय फ्लोरोसिस निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम की बैठक



**रायसेन, 25 फरवरी. राष्ट्रीय फ्लोरोसिस निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय को-आर्डिनेशन बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय में हुई. बैठक में कलेक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों से जिले में फ्लोरोसिस से बचाव हेतु जागरूकता गतिविधियों, फ्लोरोसिस से प्रभावित मरीजों की जांच और उपचार संबंधी जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए. इसके साथ ही फ्लोरोसिस के प्रति जागरूकता लाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाने तथा पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री को जिले में नियमित रूप से नलकूपों, ट्यूबवेल के पानी की जांच किए जाने के निर्देश दिए गए.**

कलेक्टर ने फ्लोराइड प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल के नमूनों की नियमित जांच करने और असुरक्षित स्त्रोतों को चिन्हित करने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लोराइड मुक्त, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए. इसके साथ ही फ्लोरोसिस से बचाव के लिए नागरिकों को फ्लोराइड युक्त पानी के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जाए. इसके साथ ही फ्लोरोसिस से प्रभावित मरीजों का समुचित उपचार किया जाए तथा सतत् मॉनीटरिंग भी की जाए.

### पानी की जांच के लिए प्रशिक्षण दें

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पानी की जांच हेतु प्रशिक्षण दिया जाए तथा फील्ड टेस्टिंग किट वितरित की जाए. प्रशिक्षण में सभी स्कूलों के एक-एक शिक्षक को भी प्रशिक्षण दिया जाए. उन्होंने कहा कि फ्लोरोसिस बीमारी से बचाव के लिए जनजागरूकता बेहद जरूरी है. बैठक में पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री गिरीश कामले, महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश जैन, सिविल सर्जन यशपाल सिंह बाल्यान, जिला फ्लोरोसिस कंसल्टेंट एवं नोडल अधिकारी एमडी भारती सहित स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी, बीएमओ तथा बीपीएम उपस्थित रहे.

### जिले में 354 गांव प्रभावित

बैठक में प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया गया कि जिले में करीब 354 ग्राम फ्लोराइड से प्रभावित हैं, इनमें विकासखं गैरतगंज के 88, सिलवानी के 93, बेगमगंज के 107, बरेली के 30, उदयपुरा के 20, सांची के 10 और औबेदुल्लागंज के 02 ग्राम फ्लोराइड से प्रभावित है. स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लगभग 106 ग्रामों में भ्रमण कर बच्चों तथा ग्रामीणों का परीक्षण किया गया. इनमें 3493 बच्चों का परीक्षण किया गया, जिनमें लगभग 1114 बच्चे संभावित डेंटल फ्लोरोसिस से प्रभावित पाए गए. जांच उपरांत 393 बच्चों में फ्लोरोसिस की पुष्टि हुई है तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चिन्हित किए गए प्रभावितों को कैल्सियम एवं विटामिन सी की दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है. साथ ही सतत् मॉनीटरिंग भी की जा रही है.

### शिव ही कल्याणकारी, शिव ही मंगलकारी : शास्त्री

**बम्होरी, 25 फरवरी.** नगर में चल रही संगीतमय शिव महापुराण कथा के चौथे दिन कथा व्यास रामनरेश शास्त्री ने श्रद्धालुओं को शिव भक्ति का महत्व बताया. उन्होंने कहा कि शिव ही कल्याणकारी हैं और शिव ही मंगलकारी. उन्होंने कुबेर का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि कुबेर ने भगवान शिव की कठोर भक्ति की, जिसके प्रभाव से वे देवताओं के खजाने के स्वामी बने. शिव कृपा से असंभव भी संभव हो जाता है. उन्होंने कहा कि पूर्व जन्मों में की गई सच्ची भक्ति और शिव मंदिर में दीपदान करने से जीवन का अंधकार और अज्ञान दूर होता है. शिव आराधना से भक्ति और मुक्ति दोनों की प्राप्ति होती है. शास्त्री ने श्रद्धालुओं से घर-घर शिवलिंग स्थापना कर नियमित पूजन करने की अपील की.

# अंबाडी-स्टेशन मार्ग पर नाली चौक

### गंदे पानी से ग्रामीण परेशान



**सलामतपुर 25 फरवरी. सांची विकासखंड अंतर्गत अंबाडी-स्टेशन मार्ग पर नाली चौक होने से सड़क पर बह रहे गंदे पानी और कीचड़ ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है. सड़क पर लगातार फिसलन बनी रहने से वाहन चालक गिर रहे हैं, जिससे हादसों का खतरा बना हुआ है. इसी मार्ग से मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.**

ग्रामीणों में इस समस्या को लेकर नाराजगी व्याप्त है. उनका कहना है कि न तो पंचायत द्वारा कोई ठोस प्रबंध किया जा रहा है और न ही प्रशासन इस ओर ध्यान दे रहा है. बताया जा रहा है कि इस मार्ग से प्रतिदिन करीब 40 गांवों के लोग आवागमन करते हैं. इसके बावजूद समस्या लंबे समय से जस की तस बनी हुई है. गांव के निवासी ओमप्रकाश साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार श्रीवास्तव से शीघ्र समाधान की मांग की है.



# आरएएफ बटालियन ने निकाला फ्लैग मार्च

### रायसेन जिले में 27 फरवरी तक करेगी अभ्यास

**सलामतपुर, 25 फरवरी. रायसेन जिले के सलामतपुर थाने में बुधवार को रैपिड एक्शन फोर्स की 107 बटालियन के जवान पहुंचे. जवानों ने थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी सहित स्टाफ से परिचय लिया. इसके बाद भोपाल-विदिशा हाइवे के मुख्यमार्ग के साथ ही बेरखेड़ी चौराहा, सेमरा और अंबाड़ी में भी फ्लैग मार्च निकाला.**

इस दौरान बल के कमान अधिकारी एसक्यू अख्तर जलाम उप कमांडेंट ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्रालय के आदेशानुसार रैपिड एक्सन फोर्स आरएएफ ए/107 बटालियन कार्य बल द्वारा परिचय अभ्यास किया गया. स्थानीय पुलिस बल एवं प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर जानकारी एकत्रित की गई एवं फ्लैग मार्च निकाला गया.

उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स की ए/107 द्रुत कार्य बल की दो टीमें जगदीश प्रसाद बलाई (कमांडेंट)-107 बटालियन के आदेशानुसार 23 से 27 फरवरी तक रायसेन जिले के विभिन्न थानों में परिचय अभ्यास कराया जा रहा है. इस दौरान ए/107 आरएएफ के विनय कुमार पांडेय, सहा.कमांडर सहित दो टीमें रायसेन जिले के विभिन्न संवेदनशील तथा अति-संवेदनशील थानों में पहुंचकर फ्लैग मार्च करेगी, जिससे की लोगों के बीच में प्रशासन के प्रति भरोसा दृढ़ हो. इलाके में मौजूद बलवाइयों, दंगाइयों या असामाजिक तत्वों के बारे में सूची तैयार की जाएगी.

क्षेत्र की भौगोलिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक जानकारी के साथ राजनैतिक दलों, समाजसेवी संगठनों व जीवन रक्षक संस्थानों की भी जानकारी एकत्रित की जायेगी. सभी क्षेत्रों का मानचित्र तैयार किया जायेगा, जिसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की दंगा एवं अराजकता जैसी परिस्थिति उत्पन्न होने पर जिला पुलिस बल के साथ मिलकर आसमाजिक तत्वों के खिलाफ त्वरित कार्यवाई किया जा सकें.

### इस बल की भारत में हैं 15 बटालियन

इस बल की भारत में 15 बटालियनें हैं, जो विभिन्न संवेदनशील शहरों में स्थित हैं. इसके कार्य करने के प्राथमिक तथा द्वितीय टास्क होते हैं. 107 बटालियन का प्राथमिक टास्क में मप्र के सभी जिले आते हैं और यह बल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक अभिन्न अंग है. जो रैपिड एक्शन फोर्स के नाम से प्रसिद्ध हैं. ए/ 107 बटालियन के प्लाटून के सदस्यों द्वारा राजनैतिक दलों समाजसेवी संगठनों व जीवन रक्षक संस्थानों की भी जानकारी प्राप्त की जायेगी. ए/107 बटालियन द्वारा सभी क्षेत्रों का मानचित्र भी बनाया जायेगा. जिसका उददेश्य अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर इस पर नियंत्रण के लिए नियत स्थल पर तत्काल पहुँने में सुविधा हो. रैपिड एक्शन फोर्स ग्रामीण क्षेत्रों का भी अध्ययन करेगा.

स्वास्थ्य | सागर के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दिया ग्रामीणों को परामर्श

# शिविर में 50 गांवों के 200 लोगों की हुई नि:शुल्क जांच

**बेगमगंज, 25 फरवरी. सहयोगी फाउंडेशन सुल्तानगंज द्वारा मानवता की सेवा के संकल्प के साथ एक नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन रामरसिया मेडिकल स्टोर पर किया गया. इस शिविर में सुल्तानगंज सहित आसपास के लगभग 50 गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे. पूरे दिन चले इस शिविर में लगभग 200 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई. उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों ने परामर्श दिया.**



शिविर में विशेष रूप से सागर से आए ख्याति प्राप्त डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं. इसमें मेडिसन विशेषज्ञ डॉ. मनीष सर्राफ, नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र एस. चौहान, डॉ. विजयदीप, डॉ. संजय प्रसाद एवं डॉ. मोनिका निभनानी शामिल रहे. डॉक्टरों ने मरीजों की बारीकी से जांच कर उन्हें गंभीर बीमारियों से बचाव के उपाय बताए.

### निरंतर सेवा का संकल्प

सहयोगी फाउंडेशन के डॉ.शैलेंद्र सिंह ने बताया कि संस्था एक समाजसेवी इकाई के रूप में क्षेत्र में निरंतर सक्रिय है. ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव को देखते हुए इस शिविर का निर्णय लिया गया था ताकि लोगों को घर के पास ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह मिल सके. फाउंडेशन भविष्य में भी इस तरह के जनहितैषी कार्य जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने रामरसिया मेडिकल स्टोर के संचालक हरिओम यादव का इस शिविर में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया. इस दौरान फाउंडेशन के माधव सिंह, शिवम राजा, चंद्रभान यादव, यशपाल सिंह सहित क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे.